# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

**चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा**
**संख्या-01**

**पंचम् (बजट)सत्र**
**सोमवार, दिनांक-15 फरवरी,2016 ई०।**
**समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 1.07 बजे अप० तक ।**

**(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)**

**1.प्रारंभिक वक्तव्यः-**

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा पंचम्(बजट)सत्र के अवसर पर सभी माननीय सदस्यों का स्वागत करते हुए संसदीय कार्य प्रणाली में जन अपेक्षाओं की अभिव्यक्ति का सबसे उत्तम स्थान विधानमण्डल को ही बताया गया क्योंकि सरकार की कार्य-योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने, उसके क्रियान्वयन की समीक्षा करने तथा जनहित में विधान बनाने का अवसर विधान सभा सत्रों के दौरान ही प्राप्त होते हैं। इसके उपरांत आहूत सत्र में निर्धारित कुल-23 बैठकों के निर्धारित होने सम्बन्धी सूचना से भी सदन को उन्होंने अवगत कराया। माननीय सदस्यों को अपनी बातें शालीनता से रखने तथा दूसरों की बातें गम्भीरता से सुनने के निमित्त भी आसन द्वारा आग्रह किया। गत सत्र से लेकर अबतक आयोजित सम्मेलनों एवं कार्यशाला का भी उल्लेख उनके द्वारा किया गया। सभा सचिवालय में **विधायी प्रशिक्षण एवं शोध संदर्भ कोषांग** के गठन सम्बन्धी लिये गये निर्णयों से भी सदन को उन्होंने अवगत कराया। मीडिया बंधुओं से भी सदन एवं जनता के बीच सकारात्मक सेतु का काम करने के निमित्त भी इन्होंने आग्रह किया। झारखण्ड के श्री सीमोन उरांव एवं दीपिका कुमारी को पद्मश्री सम्मान हेतु चुने जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी, इसके साथ ही श्री रविलाल टुडू को उनकी कृति के लिए सम्मानित किये जाने के निमित्त साहित्य अकादमी के निर्णय की सराहना की गई। इसके उपरांत माननीय राज्यपाल महोदया से प्राप्त संदेश से आसन द्वारा सदन को अवगत कराया गया तत्पश्चात् माननीय अध्यक्ष महोदय माननीय राज्यपाल महोदया की अगवानी हेतु गये।

**(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय राज्यपाल महोदया के साथ आये तदुपरांत राष्ट्रीय धुन बजाया गया।)**

**2.राज्यपाल महोदया का अभिभाषणः-**

सभा सचिव द्वारा राज्यपाल महोदया से अभिभाषण दिये जाने हेतु अनुरोध किया गया।

राज्यपाल महोदया द्वारा सर्वप्रथम सभी माननीय सदस्यों का पंचम् (बजट) सत्र में हार्दिक अभिनंदन किया और झारखण्ड के चहुँमुखी विकास की हार्दिक कामना की गयी। उन्होंने झारखण्ड सरकार के प्रमुख दस इरादों यथा **शासन में जनभागीदारी, स्वच्छता, भ्रष्टाचार उन्मूलन, सुगम यातायात, बिजली, खेत-खलिहान, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं महिला सशक्तीकरण** की

**प्राथमिकताओं से अवगत कराया।** योजना बनाओ अभियान यानी हमारी योजना हमारा विकास, मुख्यमंत्री जन संवाद कार्यक्रम जैसी अनूठी पहल, निगरानी ब्यूरो को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के रूप में पुनर्गठित करने, भारत सरकार की मेक इन इंडिया तथा स्टार्ट-अप इंडिया को मूर्त्तरूप देने, झारखण्ड औद्योगिक पार्क नीति, 2015, निर्यात नीति, 2015, सिंगल विडो सिस्टम, कृषि विकास की सर्वोच्च प्राथमिकता, स्वरोजगार के अवसरों को अमलीजामा पहनाने, नमामि गंगे परियोजना के तहत बनाये गये शौचालयों, मुख्यमंत्री विद्या लक्ष्मी योजना, कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोग्रम थ्रु पॉलिटेक्निक, ईको टुरिज्य पॉलिसी, तिला मांझी कृषि पंप योजना, बीट पेट्रोलिंग प्रणाली, शहीदों को उचित सम्मान दिलाने, आपदा की राशि बढ़ाये जाने, मछली पालन को बढ़ावा देना, पात्र गृहस्थ योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, सबों के लिए आवास योजना, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, स्पोर्ट्स युनिवर्सिटी एवं एकेडमी की स्थापना किये जाने जैसी योजनाओं की दिशा में वर्त्तमान सरकार द्वारा किये जा रहे एवं किये गये सार्थक पहल की सारगर्भित चर्चा राज्यपाल महोदया द्वारा अपने अभिभाषण में की गयी जिसका सदन द्वारा मेज थपथपाकर स्वागत किया गया।

**(इस दौरान विपक्ष के कतिपय माननीय सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया)**

सभा सचिव द्वारा माननीय राज्यपाल महोदया के अभिभाषण समाप्त किये जाने सम्बन्धी सूचना पढ़ी गयी तदुपरांत राष्ट्रीय धुन बजाया गया। इसके पश्चात् माननीय अध्यक्ष महोदय राज्यपाल महोदया को विदा करने सदन से बाहर गये।

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के संदर्भ में धन्यवाद प्रस्ताव पर संशोधनों की सूचना आज दिनांक-15 फरवरी, 2016 के 3.00 बजे अप० तक लिये जाने की घोषणा आसन द्वारा की गयी। सुविधा की दृष्टि से प्रत्येक दल की ओर से विधायक दल के नेता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत कोई एक सदस्य इस संशोधन की सूचना दे सकेंगे, के संदर्भ में भी सदन को आसन द्वारा अवगत कराया गया।

**3.सभापति का मनोनयनः-**

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम-10 (1) के अधीन निम्नांकित माननीय सदस्यों को पंचम(बजट) सत्र के लिए सभापति के रूप में मनोनीत करने की घोषणा आसन द्वारा की गयी-

1. श्री स्टीफेन मराण्डी, स० वि० स०
2. श्री अशोक कुमार, स० वि० स०
3. श्री फूलचन्द मण्डल, स० वि० स०
4. श्री आलमगीर आलम, स० वि० स०
5. श्रीमती गीता कोड़ा, स० वि० स०।

**4.समिति का गठनः-**

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 224 (1) के अधीन चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा के पंचम (बजट) सत्र के लिए कार्यमंत्रणा समिति का गठन निम्न प्रकार से किये जाने की घोषणा आसन द्वारा की गयी-

| | | |
|---|---|---|
| श्री दिनेश उरांव | अध्यक्ष | सभापति, |
| श्री रघुवर दास | मुख्यमंत्री | सदस्य, |
| श्री हेमन्त सोरेन | नेता, प्रतिपक्ष | सदस्य, |
| श्री सरयू राय | संसदीय कार्य मंत्री | सदस्य, |

श्री चन्द्रप्रकाश चौधरी — मंत्री — सदस्य,
श्री आलमगीर आलम — स० वि० स० — सदस्य,
श्री प्रदीप यादव — स० वि० स० — सदस्य।

**विशेष आमंत्रित सदस्य**

श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह — मंत्री,
श्री राधाकृष्ण किशोर — मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल,
श्री नलिन सोरेन — मुख्य सचेतक, प्रतिपक्ष,
श्री अरूप चटर्जी — स० वि० स०,
श्रीमती गीता कोड़ा — स० वि० स०,
श्री राजकुमार यादव — स० वि० स०,
श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता — स० वि० स०,
श्री अनंत कुमार ओझा — स० वि० स०।

नियमानुसार अध्यक्ष इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे। सभा की कार्यवाही समाप्त होने के तुरंत बाद उक्त समिति की बैठक अध्यक्षीय कार्यालय में आहूत होने की सूचना आसन द्वारा समिति के माननीय सदस्यों को देते हुए उन्हें उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया।

## 5.औपचारिक कार्य:-

i- भारतीय संविधान के अनुच्छेद-213 के खण्ड-2(क) के अनुसरण में माननीय राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित निम्नांकित अध्यादेशों की एक-एक प्रति माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री सरयू राय द्वारा सभापटल पर रखी गयी-

**अध्यादेश का नाम एवं संख्या**

1. झारखण्ड विशेष न्यायालय अध्यादेश, 2015 (अध्यादेश संख्या-01/2016),
2. झारखण्ड सम्पत्ति विनाश एवं क्षति निवारण, अध्यादेश, 2015 (अध्यादेश संख्या-02/2016)।

ii- झारखण्ड विधान सभा के विगत सत्रों में उद्भूत एवं सभा द्वारा पारित विधेयकों की विवरणी सभा सचिव द्वारा सभा पटल पर रखी गई जिसपर माननीय राष्ट्रपति महोदय एवं राज्यपाल महोदय ने अपनी अनुमति प्रदान की है और जिसकी सूचना चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा के चतुर्थ(शीतकालीन) सत्र की समाप्ति के उपरांत प्राप्त हुई है:-

माननीय राष्ट्रपति महोदय द्वारा अनुमत विधेयक की विवरणी-

| क्रमांक | अनुमत विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि | अधिनियम संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | झारखण्ड दण्ड प्रक्रिया संहिता(झारखण्ड संशोधन) विधेयक,2011 | 05.01.2016 | 02/2016 |

माननीय राज्यपाल महोदया द्वारा अनुमत विधेयकों की विवरणी-

| क्रमांक | अनुमत विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि | अधिनियम संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | झारखण्ड विनियोग (संख्या-05) विधेयक,2015 | 21.12.2015 | 23/2015 |
| 2. | झारखण्ड राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं | 08.01.2016 | 01/2016 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | बजट प्रबंधन(संशोधन)विधेयक,2015 | | |
| 3. | झारखण्ड नगरपालिका(संशोधन)विधेयक,2015 | 19.01.2016 | 03/2016 |
| 4. | झारखण्ड खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार (संशोधन)विधेयक,2015 | 19.01.2016 | 04/2016 |
| 5. | झारखण्ड मूल्य वर्द्धित कर (संशोधन)विधेयक,2015 | 07.02.2016 | 05/2016 |
| 6. | बाबा वैद्यनाथधाम-बासुकीनाथ तीर्थ क्षेत्र विकास प्राधिकार, विधेयक,2015 | 07.02.2016 | 06/2016 |

## 6. सभा पटल पर प्रतिवेदन का रखा जाना :-

माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री सरयू राय द्वारा झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 224 (2) के अधीन आश्वासनों से सम्बन्धित कृत कार्रवाई प्रतिवेदन को सभा पटल पर रखा गया।

## 7. शोक प्रकाश:-

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा में गोड्डा विधानसभा से नवनिर्वाचित वर्त्तमान विधायक रघुनन्दन मण्डल के असामयिक निधन सहित कई महान विभूतियों- लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष, बलराम जाखड़, पूर्व विधायक सुशीला हांसदा, अयूब खान, फुलचन्द राम, पूर्व सांसद, मोरन सिंह पुरती, पूर्व विधान पार्षद्, चण्डी प्रसाद, पूर्व मंत्री, प्रयाग चौधरी, पूर्व आर्मी चीफ, जनरल कृष्णा राव, पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल, जे.एफ.आर. जैकब, पूर्व सेना प्रमुख, ओ.पी. मल्होत्रा, पूर्व प्रधान न्यायाधीश, एस.एच.कपाड़िया, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री, मुफ्ती मोहम्मद सईद, भाकपा नेता, ए.बी. वर्धन, प्रसिद्ध साहित्यकार, रवीन्द्र कालिया, प्रसिद्ध नृत्यांगना, मृणालिनी साराभाई, कार्टुनिस्ट, सुधीर तैलांग, शायर, निदा फाजली और सिने अभिनेत्री, साधना, शिक्षाविद् डॉ० मिसिर उरांव, पलामू के छतरपुर-जपला रोड पर कालीपहाड़ी गाँव के पास पुलिस की गाड़ी में हुए विस्फोट में शहीद पुलिसकर्मियों, आतंकवादी हमले में मारे गये लेफ्टिनेंट कर्नल, निरंजन कुमार एवं अन्य जवानों, दिनांक-22.12.2015 को इंदिरा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के समीप विमान दुर्घटना में मारे गये बी.एस.एफ. के जवानों, सियाचिन के ग्लेशियर में बर्फीली तूफान में शहीद जवानों एवं गिरिडीह जिले के बगोदर में मूर्ति विसर्जन के दौरान अनियंत्रित वाहन से कुचलकर स्कूली बच्चे सहित मारे गये कुल-11 व्यक्तियों के प्रति आसन द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित की गयी तत्पश्चात् माननीय मुख्यमंत्री, श्री रघुवर दास, माननीय नेता, प्रतिपक्ष, श्री हेमंत सोरेन, माननीय सदस्य, श्री आलमगीर आलम, माननीय मंत्री, श्री चन्द्रप्रकाश चौधरी, माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव, माननीय सदस्या, श्रीमती गीता कोड़ा एवं माननीय सदस्य, श्री राजकुमार यादव द्वारा शोक-संवेदनायें व्यक्त की गयीं। सफायर इण्टरनेशनल स्कूल,राँची में मारे गये छात्र विनय महतो के प्रति भी माननीय सदस्य श्री राजकुमार यादव ने शोक व्यक्त किया तदुपरांत मृतकों की चिरशांति हेतु दो पलों का मौन रखा गया।

इसके उपरांत सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक-16, फरवरी, 2016 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित की गयी ।

राँची,

दिनांक- 15, फरवरी, 2016 ई०।

बिनय कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।